CIN No. : L26943RJ1979PLC001935
Phone : 01462 228101-6
Toll Free : 1800 180 6003 / 6004
Fax : 01462 228117 / 228119
E-Mail : shreebwr@shreecement.com
Website : www.shreecement.com

# SHREE CEMENT LTD.

*An ISO 9001, 14001, 45001 & 50001 Certified Company*

*Regd. Office:*
BANGUR NAGAR, POST BOX NO.33, BEAWAR 305901, RAJASTHAN, INDIA

SCL/BWR/SE/2021-22/
3rd March, 2022

| FAX NO. 022 – 26598237 / 26598238 | FAX NO. 022-22722041 / 22722061 |
|---|---|
| National Stock Exchange of India Limited,<br>Exchange Plaza,<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (East)<br>MUMBAI – 400 051<br>SCRIP CODE: SHREECEM EQ | Bombay Stock Exchange Ltd.<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>25th Floor, Dalal Street,<br>MUMBAI – 400 023<br>**SCRIP CODE 500387** |

**Re:- Newspaper Advertisement confirming completion of dispatch of Postal Ballot Notice**

Dear Sirs,

Pursuant to Regulation 30 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find attached herewith copies of the notice published in "The Financial Express" (in English) and "Dainik Navajyoti" (in Hindi) on 3rd March, 2022 w.r.t. completion of dispatch of Postal Ballot Notice along with Postal Ballot Form to the members.

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **SHREE CEMENT LIMITED**

**(S.S. KHANDELWAL)**
COMPANY SECRETARY

# नियमित भूखण्डों का नियमन निरस्त कर भू कारोबारी को दे दिया एकल पट्टा

**एडीए में जनसुनवाई में आवेदक ने लगाया आरोप, नियमन की डिमाण्ड राशि जमा कराने के बाद भी पट्टे के लिए खा रहा हैं धक्के**



एडीए की जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं अन्य लोग। -बालकिशन झा

कासं/अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण की बुधवार को हुई नियमित जनसुनवाई में पंजीकृत 34 में से 10 आवेदकों ने ही उपस्थित होकर अपनी व्यथा सुनाई।

एलआईसी कॉलोनी निवासी मौहम्मद दाउद खान ने उसके भूखण्डों के कृषि भूमि नियमन को लेकर एडीए द्वारा किए बर्ताव की पीड़ा को बयां कर सवाल किए। जिसके जवाब एडीए के अफसर नहीं दे सके। उसने सुनवाई कर रहे एडीए अध्यक्ष एवं कलक्टर अंश दीप और एडीए सचिव किशोर कुमार को बताया कि भू कारोबारी से मिलीभगत कर उसके भूखण्डों का नियमन 19 साल बाद निरस्त कर भू कारोबारी को एकल पट्टा दे दिया। लेकिन नियमन की डिमाण्ड राशि जमा कराने के बावजूद उसे पट्टा क्यों नहीं दिया गया, उसका नियमन निरस्त क्यों किया और उसके भूखण्डों को जोड़कर भू कारोबारी को एकल पट्टा कैसे जारी किया गया? इस पर अधिकारियों ने उसे प्रकरण की जांच कराने का भरोसा दिलाकर लौटा दिया।

अपनी शिकायत में उसने उल्लेख किया कि उसने राजस्व ग्राम चौरसियावास में जयनगर हाउसिंग सोसायटी से खरीदे गए भूखण्ड संख्या 8, 10, 19 और 21 के नियमन के लिए वर्ष 2001 में आवेदन किया था। तत्कालीन नगर सुधार न्यास प्रशासन ने उसे भूखण्ड संख्या 8 का नियमन आवेदन भूखण्ड के सड़क से प्रभावित होने के कारण निरस्त कर दिया। जबकि भूखण्ड संख्या 10, 19 और 21 की डिमाण्ड राशि स्वयं दाउद खान, उसकी पत्नी नुसरत खान एवं यासमीन खान ने 31 मार्च 2001 को प्राधिकरण में जमा करा दी। एडीए ने भूखण्ड संख्या 10 का तो पट्टा जारी कर दिया। लेकिन भूखण्ड संख्या 19 और 21 का पट्टा जारी नहीं किया। जबकि वह बरसों से एडीए में आकर पट्टा जारी करने की गुहार लगाता रहा, किसी ने उसकी सुनवाई नहीं की।

उसे हैरानी तब हुई जब एडीए के कार्मिकों ने वर्ष 2012 में जिस भूखण्ड संख्या 10 का उसे पट्टा जारी किया था, उस भूखण्ड संख्या 10 सहित सोसायटी के भूखण्ड 8, 9, 19 और 21 व अन्य भूखण्डों और उनके आगे की 25 फीट रोड को शामिल कर भू कारोबारी के नाम एकल पट्टा जारी कर दिया। वहीं 19 साल बाद उसके भूखण्डों का नियमन निरस्त कर 12 अप्रैल 2019 को नियमन की जमा कराई गई राशि उस सहित अन्य भूखण्डधारियों के खाते में जमा करा दी। उसने बताया आरटीआई में जानकारी चाहने पर उपायुक्त ने उसे जवाब दिया कि उसकी फाइल ही एडीए में उपलब्ध नहीं है। जाहिर है मिलीभगत के चलते उसके साथ अन्याय किया गया है। जनसुनवाई के दौरान पूर्व की जनसुनवाई में आए प्रकरणों पर एडीए द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी भी दी गई।

## सहकारी विभाग के ऋणी बिना ब्याज 31 तक चुका सकेंगे कर्ज

**अजमेर।** सहकारिता विभाग द्वारा संचालित कृषि और अकृषि ऋण योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करने वाले किसानों एवं खाताधारकों को 31 मार्च तक बकाया ऋण चुकाने पर ब्याज की छूट मिलेगी।

विभाग ने एकमुश्त समझौता योजना का लाभ देने के लिए पूर्व में जारी 31 मार्च 2017 के स्थान पर 31 मार्च 2019 एवं पहले तक के ऐसे खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, को भी शामिल किया गया है। निर्धारित अवधि तक बकाया चुकाने वालों को भी दो साल के नए एनपीए का लाभ मिल सकेगा। अजमेर सेन्ट्रल कोऑपरेटिव बैंक ने विभाग को इस योजना का किसानों और अन्य खाताधारकों को लाभ देने के लिए सभी बैंक शाखाओं को वसूली के लिए पहले से ही चिन्हित ऐसे लोगों से सम्पर्क कर उन्हें ऋण जमा कराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में यह योजना 30 जून 2021 तक के लिए थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दिया है। इस माह की समाप्ति में अब मात्र 28 दिन शेष रह गए हैं। इसमें भी दो द्वितीय और चतुर्थ शनिवार, चार रविवार और दो दिन होलिका दहन व धूलण्डी के अवकाश के बाद 20 दिन ही रह जाते हैं।


**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001060100145754 **सुरेश कुमार जैन (ऋणी)**, मंजु लता जैन (सह-ऋणी) जमानतदार: कन्हैयालाल | 21 जनवरी 2022 ₹ 240538/- रु. दो लाख चालीस हजार पांच सौ अड़तीस मात्र दिनांक 5 जनवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित 73, सदर बाजार, गांव-जादौल, तह.- किशनगढ़, अजमेर, राजस्थान **क्षेत्रफल 1344 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060118310318 **सांवरिया स्टोन (ऋणी)**, बाबु लाल (सह-ऋणी), सुमित्रा (सह-ऋणी) जमानतदार: राम प्रसाद खरोल | 7 फरवरी 2022 ₹ 454655/- रु. चार लाख चौवन हजार छः सौ पचपन मात्र दिनांक 7 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत प्लॉट नं. 12 केएच नं. 1176 ऊचा जहाजपुर, भीलवाड़ा, राजस्थान **क्षेत्रफल 125 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001070216677681 **ओम दास (ऋणी)**, रेखा (सह-ऋणी) | 7 फरवरी 2022 ₹ 419693/- रु. चार लाख उन्नीस हजार छः सौ तिरानबे मात्र दिनांक 7 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत प्लॉट नं. 26, आनंद नगर, गोटन नागौर, राजस्थान **क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001060100208248 **आनन्द लोहार (ऋणी)**, सुरज गडोलिया लोहार (सह-ऋणी), प्रेम देवी (सह-ऋणी) जमानतदार: कालुराम लुहार | 14 फरवरी 2022 ₹ 166999/- रु. एक लाख छियासठ हजार नो सौ निन्यानबे मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित प्लॉट नं. 18, इन्द्र कॉलोनी, बिजय नगर, तह. बिजयनगर, अजमेर, राजस्थान **क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001060118443590 **बिजासन कृषि फार्म (ऋणी)**, राम भंवर सिंह शेखावत (सह-ऋणी), शक्ति राज सिंह शेखावत (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 709913/- रु. सात लाख नो हजार नो सौ तेरह मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत पट्टा नं. मानपुरा, मंडालगढ़ भीलवाड़ा, राजस्थान **क्षेत्रफल 294 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060118819951 **संतोष ट्रेडिंग कम्पनी (ऋणी)**, रामेशवर लाल (सह-ऋणी), संतोष देवी (सह-ऋणी), राजेश कुमार (सह-ऋणी), लालचन्द प्रजापत (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 288066/- रु. दो लाख इठासी हजार छियासठ मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति सिति ग्राम पंचायत 94 मौलासर डीडवाना नागौर, राजस्थान **क्षेत्रफल 72.14 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060118968468 **शहनवाज किराना स्टोर (ऋणी)**, मोहम्मद रईस (सह-ऋणी), नसरुदवीन अंसारी (सह-ऋणी), चमन बानो (सह-ऋणी) जमानतदार: मोहम्मद दाउद शाह | 14 फरवरी 2022 ₹ 518172/- रु. पांच लाख अठारह हजार एक सौ बहत्तर मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित नगरपालिका वार्ड नं. 12 भील मोहल्ला सनपाल गेट सरवार, अजमेर, राजस्थान **क्षेत्रफल 129.77 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120198083 **श्री सत्यनारायण कन्ट्रक्शन (ऋणी)**, घनश्याम ओड (सह-ऋणी), प्रेम ओड (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 426175/- रु. चार लाख छब्बीस हजार एक सौ पचहत्तर मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत बिजोलिया कालन बिजोलिया भीलवाड़ा, राजस्थान **क्षेत्रफल 159.16 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120317683 **सुखदेव जी (ऋणी)**, सलमान जी (सह-ऋणी), सुलेमान जी (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 480226/- रु. चार लाख अस्सी हजार दो सौ छब्बीस मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत 23 2 खरेखरी, अजमेर, राजस्थान **क्षेत्रफल 124.66 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120951291 **मुस्ताक मोहम्मद (ऋणी)**, शफी खान (सह-ऋणी), श्रीमती मैना (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 368390/- रु. तीन लाख अड़सठ हजार तीन सौ नब्बे मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 33 मैना का प्लॉट वॉल नं. 115, पंचायत समिति, रियाबादी बुक नं. 01 ग्राम पंचायत निबोला, बिस्वा पेज नं. 63 नागौर राजस्थान 341503 **क्षेत्रफल 168.31 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060121320392 **कैलाश लाल कुमावत (ऋणी)**, धन्ना लाल (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 353594/- रु. तीन लाख तरेपन हजार पांच सौ चौरानबे मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत पट्टा नं. 27 जी पी लछूदा आशिंद भीलवाड़ा, राजस्थान **क्षेत्रफल 97.86 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060121326054 **ऋद्धि सिद्ध किराना स्टोर (ऋणी)**, पुखराज शर्मा (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 725271/- रु. सात लाख पच्चीस हजार दो सौ इकहत्तर मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत बिखरानिया कालन डेगाना, नागौर, राजस्थान **क्षेत्रफल 170 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060122088902 **निम्भीवाल डेयरी (ऋणी)**, रामलाल कुमावत (सह-ऋणी), सीता जी (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 510317/- रु. पांच लाख दस हजार तीन सौ सत्रह मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत पट्टा नं. 06 आदर्श नगर अजमेर, राजस्थान **क्षेत्रफल 150 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060123055342 **हगामा जाट (ऋणी)**, सुरेन्द्र कुमार जाट (सह-ऋणी), राजेन्द्र जी (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 674489/- रु. छः लाख चौहत्तर हजार चार सौ नवासी मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत पट्टा नं. 10 राजकोट भिनाय, अजमेर, राजस्थान **क्षेत्रफल 266.66 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060125276326 **जगदिश बाजद (ऋणी)**, श्योजी राम जाट (सह-ऋणी), प्रेम देवी (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 850653/- रु. आठ लाख पचास हजार छः सौ तरेपन मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित बाजड़ो की ढाणी, नावा रूपनगर, तह. किशनगढ़, अजमेर, राजस्थान **क्षेत्रफल 238 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060700034998 **शिवराज गुर्जर (ऋणी)**, श्रीमती गीता देवी गुर्जर (सह-ऋणी), रामचन्द गुर्जर (सह-ऋणी) जमानतदार: प्रकाश यादव | 14 फरवरी 2022 ₹ 2200465/- रु. बाइस लाख चार सौ पैंसठ मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | पट्टा नं. 13, ग्राम पंचायत श्रीगंगानगर, पंचायत समिति, श्रीगंगानगर, तहसील नसीराबाद, जिला. अजमेर, राजस्थान **क्षेत्रफल 318.78 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060722058898 **शिवम एन्टरप्राइसेज (ऋणी)**, पूनम चन्द (सह-ऋणी), राजेन्द्र प्रसाद (सह-ऋणी), सिंगरी देवी जी (सह-ऋणी), लाल चन्द (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 903237/- रु. नौ लाख तीन हजार दो सौ सैंतीस मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत पट्टा नं. 17 व 18 रोजास नेटियास प्रभातसर नागौर, राजस्थान **क्षेत्रफल 591.51 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060113776991 **रामेशवर लाल तेली (ऋणी)**, जय किशन तेली (सह-ऋणी), सुनील कुमार तेली (सह-ऋणी), गेंदा देवी (सह-ऋणी) | 15 फरवरी 2022 ₹ 261734/- रु. दो लाख इकसठ हजार सात सौ चौतीस मात्र दिनांक 15 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत खतवारा मंडालगढ़ भीलवाड़ा, राजस्थान **क्षेत्रफल 64.76 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001060113889092 **भंवर सिंह सोलंकी (ऋणी)**, सुशीला दंवी (सह-ऋणी) | 18 फरवरी 2022 ₹ 662810/- रु. छः लाख बांसठ हजार आठ सौ दस मात्र दिनांक 18 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत कोशिथल शाहदा भीलवाड़ा, राजस्थान **क्षेत्रफल 123.5 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001060114194669 **करण सिंह (ऋणी)**, फूल कंवर (सह-ऋणी) | 18 फरवरी 2022 ₹ 458384/- रु. चार लाख अठावन हजार तीन सौ चौरासी मात्र दिनांक 18 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत खाखरमाला, रायपुर भीलवाड़ा, राजस्थान **क्षेत्रफल 705.87 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001060816600482 **भंवर सिंह सोलंकी (ऋणी)** | 18 फरवरी 2022 ₹ 422900/- रु. चार लाख बाइस हजार नौ सौ मात्र दिनांक 18 फरवरी 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत कोशिथल शाहदा भीलवाड़ा राजस्थान **क्षेत्रफल 123.5 वर्ग गज** |

**स्थान : अजमेर** **दिनांक: 02-03-2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**


## ढाबे से बाल मजदूर को छुड़ाया

**अजमेर।** चाइल्ड लाइन, मानव तस्करी विरोधी इकाई अजमेर, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को छापामार कार्रवाई करते हुए विजयलक्ष्मी पार्क के पास चंदाबाई के ढाबे से एक बाल श्रमिक को छुड़ाया। इकाई की प्रभारी कल्पना राठौड़ ने ढाबा मालिक के खिलाफ नवीन किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं बालश्रम अधिनियम की धारा 79 व आईपीसी 374 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। चाइल्ड लाइन की वनिता पंवार ने बताया कि बच्चा यहां सुबह 9 से रात 10 बजे तक काम करता था। जिसके बदले उसे महीने का 6 हजार रुपए वेतन मिलता था। बाद में बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष सुभाष नगर में पेश किया। समिति की अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने बच्चे को देखभाल और संरक्षण के लिए चंचल केयर होम लोहाखान में आश्रय दिलाने के आदेश दिए।

## खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर आज पुष्कर में

**अजमेर।** खाद्य कारोबारियों को खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करने हेतु शुक्रवार को मरूधर केसरी धर्मशाला, होलिका चौक के पास पुष्कर में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें खाद्य कारोबारियों को खाद्य लाइसेंस की अनिवार्यता, ऑनलाइन आवेदन, आवश्यक दस्तावेज के बारे में जानकारी दी जाएगी।



# संविदाकर्मियों ने लिया आधे दिन का सामूहिक अवकाश

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन : नियमित करने की मांग**

कासं/अजमेर।

नियमितिकरण की मांग को लेकर राज्य स्तरीय आह्वान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत तैनात जिले भर के संविदाकर्मियों ने बुधवार को जिला कलक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और दोपहर बाद आधे दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए।

डीपीएम सन्तोष कुमार सिंह के अनुसार मिशन के अन्तर्गत विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के कुशलतापूर्वक संचालन में तैनात संविदाकर्मियों को काम करते हुए लगभग बीस-बीस साल हो गए हैं। सरकार उनका हर साल संविदाकाल बढ़ा देती है। जबकि सभी कार्मिक पिछले कई सालों से सरकार से उन्हें नियमित करने की मांग कर रहे हैं। राज्य स्तरीय आह्वान पर नियमितिकरण की मांग को लेकर जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उसके पश्चात सभी कार्मिक आधे दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए। ज्ञापन देने वालों में अतुल भटनागर, ओम टेपण, शंकरलाल प्रजापत, सुखपाल जाट सहित कई लोग सम्मिलित थे।

# मानदेय प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के प्रति सरकार संवेदनशील नहीं

**विधायक भदेल ने लगाया आरोप, कहा- उनके विधानसभा में सवाल लगाने के बाद हुआ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 15 महीने के मानदेय का भुगतान**

कासं/अजमेर।

भाजपा विधायक अनिता भदेल ने कहा है कि उन्होंने जब राज्य विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को दिए जाने वाले बकाया मानदेय के भुगतान का मुद्दा उठाया, तब सरकार जागी और उसने वर्ष 2020 के नवम्बर व दिसम्बर तक, वर्ष 2021 में जनवरी से दिसम्बर तक पूरे एक वर्ष का तथा जनवरी 2022 के बकाया मानदेय का भुगतान फरवरी में एकसाथ किया है।




उन्होंने आरोप लगाया कि मानदेय प्राप्त करने वाले छोटे कर्मचारियों के प्रति सरकार संवदेनशील नहीं है। बुधवार को उनके प्रश्न पर चर्चा हुई।

भदेल ने कहा, प्रतिमाह भुगतान को तरसती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परियोजना अधिकारी कार्यालय के चक्कर ही लगाती रहती हैं। मानदेय कर्मचरियों का भुगतान प्रतिमाह होना चाहिए। मानदेय के अतिरिक्त आंगनबाड़ी भवन किराया, क्रय सामग्री व मोबाइल रिचार्ज का भुगतान भी प्रतिमाह करने के बजाय विधानसभा में सवाल लगने के बाद ही किया गया है। जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मानदेय कर्मचारियों को भुगतान प्रतिमाह किया जाना चाहिए था। भदेल ने सरकार से पूछा, क्या अजमेर जिले के आंगनबाड़ी कार्यकताओं को रियल टाइम मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल उपलब्ध कराते हुए नेट रिचार्ज के लिए भत्ता दिया जा रहा है? उक्त भत्ता कितने समय से बकाया चल रहा है। इस पर सरकार से जवाब मिला कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रियल टाइम मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल डेटा रिचार्ज भत्ता 200 रुपए प्रतिमाह दिया जाता है। अजमेर जिले की दो परियोजना जवाजा व पुष्कर में 6 लाख 35 हजार 400 रुपए नेट रिचार्ज भत्ते का भुगतान अभी भी बकाया चल रहा है।

भदेल ने सरकार से मांग की कि प्रत्येक परियोजना में नेट रिचार्ज भत्ते की राशि को 200 रुपए से बढ़ाया जाए, क्योंकि कोविड-19 के कारण अभी भी बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं बुलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मोबाइल पर ही आंगनबाड़ी की रिपोर्ट बनाने का कार्य किया जाता है, साथ ही बच्चों को पढ़ाने का कार्य भी करती है। इस कारण 200 रुपए प्रतिमाह होने वाला डेटा प्लान समय अवधि से पूर्व ही खत्म हो जाता है। यही वजह है कि कार्यकर्ताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

## मांगलिक दोष निवारण पूजन 4 मार्च को



**अजमेर।** स्थानीय मदारगेट, गांधीभवन के पास स्थित शिवमंदिर के पं. राजेश पारीक के अनुसार 4 मार्च शुक्रवार, फुलेरा दूज के दिन शीघ्र विवाह हेतु मांगलिक दोष निवारण पूजन करवाया जाएगा। पं. पारीक के अनुसार जिनकी कुण्डली में कालसर्प योग, पितृदोष, चाण्डाल योग, ग्रहण योग है, वे कुण्डली दिखाकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। विवाह विलम्ब, अशांत वैवाहिक जीवन, व्यापार में हानि, परेशानी, शारीरिक कष्ट, तनाव इत्यादि में इस पूजन के माध्यम से अप्रत्याशित लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कालसर्प योग से होने वाली निम्न परेशानी व्यापार में बाधा नौकरी में रुकावट, विवाह में विलंब, पति-पत्नी में अनबन, शारीरिक कष्ट, पितृदोष आदि समस्या बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि पं. पारीक कुण्डली व अंकशास्त्र के माध्यम से कालसर्प दोष, विवाह में रुकावट, समस्त समस्याओं का निवारण इत्यादि के समुचित समाधान हेतु प्रख्यात है।

# डम्पर ने बिजली के तार तोड़े, लोगों की सूझबूझ से हादसा टला

**सुभाषनगर रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार शाम सड़क पर गिरे करंट प्रवाहित तार**

कासं/अजमेर।

सुभाषनगर रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार शाम को स्थानीय लोगों व दुकानदारों की सूझबूझ से गंभीर दुर्घटना टल गई। डीएफसीसी की ओर से बनाए जा रहे ओवरब्रिज के लिए चल रहे निर्माण कार्य के दौरान डम्पर से बिजली के करंट प्रवाहित तार टूटकर सड़क पर आ गिरे। ऐसे में किसी वाहन चालक के चपेट में आने से उसकी जान जा सकती थी। लेकिन आसपास के दुकानदारों ने यातायात रोककर स्थिति को संभाला और तारों को सड़क से हटाया।

सुभाषनगर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने का काम चल रहा है। बुधवार को एक डम्पर बिजली के तारों को तोड़ता हुआ निकल गया। तार सड़क पर गिर गए और उनमें बिजली की सप्लाई चालू थी। स्थानीय दुकानदारों ने तुरन्त गंभीरता को समझते हुए तत्परता दिखाते हुए सड़क से गुजर रहे वाहनों को रोका और तार टूटने की सूचना टाटा पावर और विद्युत विभाग को दी। लेकिन काफी देर तक किसी की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इसके चलते क्रॉसिंग के दोंनों तरफ वाहनों की लम्बी कतारें लगने से जाम लग गया। ऐसे में कुछ दुकानदारों ने हिम्मत जुटाकर तारों को सावधानी से लकड़ी से उठाकर सड़क के साइड में किया। इसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

घटना के करीब 50 मिनट बाद विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लाइनों को वापस जोड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि स्थानीय दुकानदार सूझबूझ नहीं दिखाते, तो कई वाहन चालक करंट की चपेट में आ सकते थे।



तार टूटने पर सुभाषनगर में लगा जाम। -नवज्योति

## महिला दिवस आयोजन के लिए निगम में कमेटी गठित

**अजमेर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को नगर निगम की ओर से सुभाष उद्यान में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस सम्बंध में बुधवार को मेयर बृजलता हाड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में चर्चा के बाद आयोजन के लिए कमेटी गठित की गई। कमेटी में पार्षद द्रोपदी देवी, डिम्पल शर्मा, रूबी जैन, हितेश्वरी देवी, लक्ष्मी बुंदेल, भावना चौहान, प्रतिभा पाराशर, शीलम बैरवा, उपायुक्त सीता वर्मा, एईएन रविन्द्र सैनी, राजस्व निरीक्षक जयश्री बारहेठ, स्टोर कीपर मुकेश मूरजवानी, एलडीसी प्रतीक पारचा शामिल हैं।







**Shree Cement**

**श्री सीमेन्ट लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** बांगड़ नगर, ब्यावर 305 901, जिला-अजमेर (राज.)
**फोन:** EPABX +91-1462-228101-6 | **फेक्स:** +91-1462-228117/119 | **ईमेल:** share@shreecement.com
**वेब साईट:** www.shreecement.com | **CIN:** L26943RJ1979PLC001935

**नोटिस**

कम्पनी के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 तथा 110 के प्रावधानों के अनुसार, सहपठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 और 22 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटसीकरण की आवश्यकता) विनियम 2015 के विनियम 44 के अनुसार (मौजूदा वैधानिक संशेधनों या पुनः अधिविनियम के अधीन) और अन्य लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार, कम्पनी विशेष व्यवसाय के संबंध में जो कि डाक मत-पत्र नोटिस दिनांक 4 फरवरी, 2022, जिसके द्वारा सदस्यों की सहमति, विशेष प्रस्ताव के द्वारा मांगी जा रही हैं जिसमें इलैक्ट्रोनिक माध्यम से मतदान शामिल है। (रिमोट ई-वोटिंग)

कम्पनी ने 2 मार्च 2022 को पोस्टल बैलेट नोटिस के साथ व्याख्यात्मक बयान और पोस्टल बैलेट फार्म को कम्पनी के उन सभी सदस्यो को जिनका नाम सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरी के रिकार्ड में शुक्रवार, 25 फरवरी 2022 (कट आर्फ डेट) को दर्ज है:-

अ. को इलेक्ट्रोनिक माध्यम के जरिये भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते पंजीकृत है (उनके अलावा जिन्होने भौतिक प्रतिलिपि के लिए अनुरोध किया है), और

ब. को भौतिक माध्यम से प्री-पेड सेल्फ एड्रेस लिफाफे के साथ उनके द्वारा पंजीकृत पते पर भेज दिया गया है जिनके ई-मेल पते पंजीकृत नही है या जिन्होने भौतिक प्रतिलिपियों के लिए अनुरोध किया हैं।

डाक मत-पत्र का उक्त नोटिस कम्पनी की वेब साईट **www. shreecement.com** या लिंक इनटाईम इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड (लिंक इनटाईम) की वेब साईट **https://instavote.linkintime.co.in** पर भी उपलब्ध है। और जिन सदस्यों को डाक मत-पत्र नहीं मिला है, वे डाक मत-पत्र को कम्पनी की वेब साईट **www. shreecement.com** से या आरटीए (लिंक इनटाईम इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड) की वेब साईट **https://instavote.linkintime.co.in** से डाउनलोड कर सकते हैं या अपने पंजीकृत ई-मेल पते से ई-मेल भेजकर या कम्पनी सचिव श्री सिमेन्ट लिमिटेड, बांगड नगर, ब्यावर - 305901, राजस्थान को पत्र लिखकर डुप्लिकेट डाक मत-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से डाक मत-पत्र और ई-वोटिंग के संचालन के लिये श्री अक्षित कुमार जांगिड़ (सदस्यता संख्या F11285), तथा उनके विफल होने पर सुश्री कृति उपाध्याय् (सदस्यता संख्या A58280) प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव को जॉचकर्ता नियुक्त किया हैं।

कम्पनी ने अपने सभी सदस्यों को ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लिंक इनटाईम की सेवाऐं ली हैं। डाक मत-पत्र के उक्त नोटिस में ई-वोटिंग के निर्देशों का उल्लेख किया गया है। सेबी के परिपत्र दिनांक 9 दिसंबर, 2020, जो कि सुचीबद्ध कम्पनीयो द्वारा ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने बाबत् व्यक्तिगत शेयरधारको जिनके अंश डिमेट में है उनको अपने डीमेट खाते के द्वारा डिपोजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियो के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। भौतिक तरीके के अंशधारको तथा संस्थागत अंशधारको के द्वारा ई-वोटिंग कि सुविधा का उपयोग लिंक इनटाईम की ई-वोटिंग वेब साईट **https://instavote.linkintime.co.in** पर लॉगिन करके किया जा सकता हैं। सदस्यों के पास ई-वोटिंग या भौतिक डाक मत-पत्र फार्म के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने का विकल्प हैं। यदि सदस्य दोनों माध्यमो से अपने वोट डालते है, तो ई-वोटिंग द्वारा किये गये मतदान को मान्य माना जायेगा औंर भौतिक डाक मत-पत्र के माध्यम से डाले गये वोटों को अमान्य करार किया जायेगा।

डाक मत-पत्र की सूचना सभी सदस्यो / लाभार्थियों को भेज दी गई है, जिनका नाम शुक्रवार, 25 फरवरी, 2022, (कटॅ ऑफ डेट) को सदस्यों के रजिस्टर/ डिपोजिटरीज के रिकार्ड में दर्ज हैं। मताधिकार कि गणना पंजीकृत शेयरों के भुगतान मूल्य पर जिन सदस्यों के नाम उक्त तिथि पर पंजीकृत होंगे तथा कोई भी व्यक्ति जो उक्त कट-ऑफ तारीख पर सदस्य नहीं है वह उक्त नोटिस को केवल सूचनार्थ माने। डाक मत-पत्र फार्म प्राप्त ना होने की स्थिति में या भौतिक डाक मत प्रत्र के माध्यम से मतदान करने की इच्छा रखने वाले सदस्य डाक मत-पत्र फार्म डाउन लोड कर सकते है जो उन्हें कम्पनी द्वारा भेजे ई-मेल में मिलेगा या कम्पनी की वेब साईट जो कि **www.shreecement.com** से या लिंक इनटाईम की वेब साईट जो कि **https://instavote.linkintime.co.in** से डाक मत-पत्र को डाउनलोड कर सकते है या अपने पंजीकृत ई-मेल पते से ई-मेल भेजकर या कम्पनी सचिव, श्री सीमेन्ट लिमिटेड, बांगड़ नगर, ब्यावर-305901 राजस्थान से लिखित में मांग कर सकते हैं।

मतदान की अवधि भौतिक डाक मत-पत्र के माध्यम से औंर ई-वोटिंग के माध्यम से गुरुवार, 3 मार्च, 2022 को प्रातः 9:00 बजे (IST) से शुरु होगी औंर शुक्रवार, 1 अप्रैल, 2022 को शाम 5:00 बजे (IST) समाप्त होगी। उसके बाद लिंक इनटाईम द्वारा ई-वोटिंग मोड्यूल को मतदान के लिये निश्क्रिय कर दिया जायेगा। डाक मत-पत्र से मतदान करने वाले सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे विधिवत पूर्ण औंर हस्ताक्षरित डाक-मत पत्र जॉचकर्ता (scrutinizer) को शाम 5:00 बजे (IST) शुक्रवार, 1 अप्रैल, 2022 से पहले प्राप्त हो जाने चाहिये अन्यथा उक्त समय औंर तारीख के पश्चात प्राप्त डाक मत-पत्रों को अमान्य माना जायेगा।

ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न की जानकारी के लिये कृपया वेब साईट **https://instavote.linkintime.co.in** पर उपलब्ध Frequently asked questions ('FAQ') तथा Instavote e-voting manual का प्रयोग करे जो कि Help section में उपलब्ध है अन्यथा कम्पनी सचिव श्री एस. एस. खण्डेलवाल **khandelwalss@shreecement.com** को पर ई-मेल लिखे या आप Mr. Rajiv Ranjan, Assistant Vice President- e-voting, Link Intime India Private Limited (unit: Shree Cement Limited), C-101, 247 Park, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai-400083, India पर ई-मेल**: enotices@linkintime.co.in** दूरभाष**:** 022-49186000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

डाक मत-पत्र द्वारा किये गये मतदान का परिणाम जॉचकर्ता (scrutinizer) कि रिपोर्ट के साथ चैयरमेन द्वारा या उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा शनिवार 2 अप्रैल, 2022 को शाम 5:00 बजे (IST) से पहले कम्पनी के पंजीकृत पते, बांगड़ नगर, ब्यावर-305901 पर धोषित किया जायेगा तथा उन स्टॉक एक्सचेंजो पर जहॉ पर कम्पनी के अंश सुचीबद्ध है तथा कम्पनी की वेबसाईट **www.shreecement.com** तथा लिंक इनटाईम की वेबसाईट **https://instavote.linkintime.co.in** पर भी प्रदर्शित किये जायेगें।

बोर्ड की आज्ञा से
वास्ते **श्री सीमेंट लिमिटेड**
Sd/-
**एस. एस. खण्डेलवाल**
कंपनी सचिव

**स्थान :** ब्यावर
**दिनांक :** 2 मार्च, 2022